पत्रांक–भवन/मु0अ0(प0) यो0 प्राक्क0–01–11/2022 160(अ)/पटना, दिनांक– 23/10/26

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0)
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– Renovation of Furniture work and other work in room no.-317 & 318 in Meeting Hall under Building Construction Department at Vikash Bhawan, Patna for the year 2025-26 कार्य हेतु कुल राशि **₹21,34,624/– (इक्कीस लाख चौतीस हजार छः सौ चौबीस रूपये) मात्र** का वित्तीय वर्ष **2026–27** में व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

विषयांकित कार्य हेतु विभागीय प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश सं0–375(भ), दिनांक–05.03.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल राशि ₹22,85,100/–(बाईस लाख पचासी हजार एक सौ रूपये) मात्र की स्वीकृति प्रदान किया गया था।

2. उक्त कार्य हेतु राशि का उपबंध "मांग संख्या–03 के मुख्य शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य–उपमुख्यशीर्ष–80–सामान्य लघुशीर्ष–053–रख रखाव तथा मरम्मत–उपशीर्ष–0001– अनुरक्षण और मरम्मत मतदेय–विपत्र कोड–**03–2059800530001**के विषयशीर्ष–27 -लघुकार्य–0001.27.02–अनुरक्षण एवं मरम्मत" के अन्तर्गत विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए किया गया था।

3. उक्त कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक–4480अनु0, दिनांक–25.08.2026 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में कुल राशि **₹21,34,624/– (इक्कीस लाख चौतीस हजार छः सौ चौबीस रूपये) मात्र** का व्यय उसी बजट शीर्ष के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष **2026–27** में उपबंधित राशि से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, **कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल–01, पटना** होंगे।

5. इस राशि की निकासी **सचिवालय कोषागार विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना** से की जायेगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे राशि के व्यय के पूर्व एजेन्सी द्वारा इस कार्य के संबंध में संतुष्ट होकर नियमानुसार भुगतान करेंगे।

6. प्रस्ताव में विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 160(अ) पटना, दिनांक– 23/10/26

प्रतिलिपि–कोषागार पदाधिकारी, **सचिवालय कोषागार विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना**, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 160(अ) पटना, दिनांक– 23/10/26

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/मुख्य अभियंता(पटना)/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण/ कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल–01, पटना /बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव